# कार्यालय उप वन संरक्षक, उदयपुर

वन भवन मोहता पार्क के सामने, चेटक सर्कल, उदयपुर (राज.)पिन–313001

E-mail :-dcfudaipur@gmail.com Phone/Fax-(0294)2429239


क्रमांकः–एफ( )/तकनिकी/उ.व.स./2023/6278 दिनांकः– 22/8/23

निमित्त,

अधीक्षण अभियंता (टी.एण्ड सी.) राजस्थान
राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड, पटेल
सर्कल, उदयपुर।

विषयः–Shifting/Modification of 132 KV D/C Lilo Line for 132 KV GSS Sisarama (220 KV AMBERI & 132 KV Gogunda Double Circuit) 339 MT. LENTH

संदर्भः–इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 10965 दिनांक 19.12.2022

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आप द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में संलग्न नक्शा त्रुटीपूर्ण होने के कारण इस कार्यालय के उक्त संदर्भित पत्र के द्वारा आपको निर्देशित किया गया था कि प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्तावित वन भूमि को नक्शे पर सही मार्क कर संशोधित नक्शा प्रस्तुत करें। इस संबंध में आप द्वारा परिवेश पोर्टल पर दिनांक 31.07.2023 को ऑनलाईन प्रत्युत्तर प्रस्तुत किया गया है कि The correction have been made as per the instruction received. लेकिन दिनांक 19.08.2023 को अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा आपके प्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी, उदयपुर के साथ मौका निरीक्षण किए जाने पर प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्तावित वन भूमि के मौके की सही स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं हो पा रही है। अतः इस संबंध में मौके पर दिए गए निर्देशों की पालना में निम्नानुसार सूचनाएं/स्पष्टीकरण ऑनलाईन प्रस्तुत करते हुए हार्ड कॉपी 5 प्रतियों में इस कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकी प्रकरण में इस कार्यालय के स्तर से अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करवाई जा कर प्रस्ताव उच्च कार्यालय को यथाशीघ्र अग्रेषित करवाया जा सके:–

1. विषयांकित परियोजना के निर्माण हेतु पूर्व में भी 3.37 हैक्टेयर वन भूमि का प्रत्यावर्तन हुआ है। अतः प्रश्नगत एक सेक्शन में पूर्व से विद्यमान एवं वर्तमान में प्रस्तावित ट्रांसमिशन लाईन को दर्शाते हुए तथा दोनों के GPS Coordinates अंकित करते हुए स्वतः स्पष्ट (Self Speaking) संशोधित नक्शा प्रस्तुत करें।
2. मौका निरीक्षण करने पर Gantry/Substation भी प्रश्नगत वन भूमि के आस–पास ही स्थित होना पाया गया है। अतः पूर्व में प्रत्यावर्तित हुई 3.37 हैक्टेयर वन भूमि का DGPS Map, GPS Coordinates अंकित करते हुए kml. File के साथ प्रस्तुत करें।

भवदीय,

(सुगनाराम जाट)
भा.व.से.
उप वन संरक्षक,
उदयपुर

क्रमशः 2 पर

क्रमांकः–एफ( )/तकनिकी/उ.व.स./2023/ 6279-81 दिनांकः– 22/8/23

<u>प्रतिलिपि निम्नांकित को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–</u>

1. अति. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन सुरक्षा एवं नॉडल अधिकारी (एफ.सी.ए) राजस्थान, जयपुर।
2. संभागीय मुख्य वन संरक्षक, उदयपुर।
3. क्षेत्रीय वन अधिकारी, उदयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्तानुसार मौका निरीक्षण करने पर आपके पत्रांक 148 दिनांक 28.02.2023 के द्वारा इस कार्यालय को प्रस्तुत किए गए प्रत्युत्तर एवं नजरी नक्शे में वर्णित विवरण तथा मौके की स्थिति में विरोधाभास प्रतित हो रहा है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 10966 दिनांक 19.12.2022 के द्वारा बिन्दुवार चाही गई सूचनाएं मौके की वास्तविक स्थिति के अनुसार तैयार कर इस कार्यालय को अविलम्ब प्रस्तुत करें। साथ ही प्रकरण में पातन हेतु प्रस्तावित वृक्षों की सूची निम्न प्रारूप में तैयार कर प्रस्तुत करेंः–

| क्र. स. | वनखण्ड नाम | क्र.न. | खसरा नं. | प्रजाति नाम | वानस्पतिक नाम | ऊँचाई मी. में | ब्रेस्ट हाईट पर गोलाई (से.मी. में) | आयतन (घ.मी. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

उप वन संरक्षक,
उदयपुर